# कार्यालयः जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, समग्र शिक्षा, बरेली

पत्रांकः एस0एस0एस0 / के0जी0बी0वी0 उच्चीकृत चयन / 7100-7114/2026–27 दिनांकः 24/7/26

## 05 उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु विज्ञप्ति

महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांकःके०जी०बी०वी० / 7114 / 2024–25 दिनांक 28.10.2024 में वर्णित शासनादेश संख्या– I / 570148 / 2024 File No.68–5099 / 23 / 2024–5()दिनांक 28–05–2024, शासनादेश I / 775757 / 2024 File No. 68–5099 / 23 / 2024-अनुभाग–5 लखनऊ () दिनांक 21–10–2024 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में शैक्षिक व शिक्षणेत्तर कार्मिकों के रिक्त पद पर निर्धारित अर्हता रखने वाली योग्य महिला अभ्यर्थियों का संविदा के आधार पर चयन हेतु आवेदन–पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। रिक्त पदों का विवरण एवं निर्धारित अर्हता निम्नवत् है :–

(1) पद एवं अर्हता (समस्त पद महिला अभ्यर्थी हेतु आरक्षित) – सारणी–1

| क्र० सं० | पद | पदों की संख्या | शैक्षिक अर्हता | वरीयमान अर्हता | निर्धारित मासिक मानदेय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रधानाचार्या | 05 GEN -03, OBC-01, SC-01, ST-00 | (1)प्रशिक्षित एम0ए0 (हिन्दी / अंग्रजी) अथवा एम०एस०सी० (भौतिकविज्ञान / रसायनविज्ञान / जन्तुविज्ञान / वनस्पति विज्ञान / गणित / कम्प्यूटर साइंस) किसी विश्वविद्यालय या संस्था या ऐसे विश्वविद्यालय या संस्था से सम्बद्ध किसी मान्यता प्राप्त संस्था की या अन्य राज्यों की परिषदों से सम्बद्ध किसी संस्था की या इसी प्रकार की संस्थाओं की, जिसकी परीक्षाएं परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त हैं, कक्षा 9 से 12 तक में कम से कम चार वर्ष का शिक्षण अनुभव हो या विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त किसी जूनियर हाईस्कूल के प्रशिक्षण स्नातक प्रधानाध्यापक के रूप में कम से कम चार वर्ष का अनुभव हो, प्रतिबन्ध यह भी है कि वह 30 वर्ष से कम आयु की न हो।<br>(2)किसी मान्यता प्राप्त संस्था में इण्टरमीडिएट कक्षाओं में दस वर्ष का शिक्षण अनुभव के साथ–साथ प्रथम या द्वितीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि या पन्द्रह वर्ष के शिक्षण अनुभव के साथ तृतीय श्रेणी की स्नातकोत्तर उपाधि या<br>(3) विज्ञान में प्रशिक्षित स्नातकोत्तर डिप्लोमाधारीय प्रतिबन्ध यह है कि उसने यह डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रथम या द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण किया हो और किसी मान्यता प्राप्त संस्था में ऐसा डिप्लोमा पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने के पश्चात क्रमशः 15 या 20 वर्ष की प्रशंसनीय सेवा की हो। | | 30000 / – |
| 2 | पी0जी0टी0 हिन्दी | 05 GEN -03, OBC-01, SC-01, ST-00 | हिन्दी में एम०ए० तथा संस्कृत के साथ बी०ए० अथवा शास्त्री परीक्षा राजकीय संस्कृत कालेज, वाराणसी अब सम्पूर्णानन्द विश्वविद्यालय, वाराणसी | प्रशिक्षित | 22000 / – |
| 3 | पी0जी0टी0 अंग्रेजी | 05 GEN -03, OBC-01, SC-01, ST-00 | नियमानुसार स्थापित उत्तर प्रदेशीय अथवा किसी अन्य मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अंग्रेजी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि (पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री) किसी ट्रेनिंग कालेज से एल०टी० डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एजुकेशन में डिग्री या डिप्लोमा रखने वाले को प्राथमिकता दी जायेगी। | प्रशिक्षित | 22000 / – |
| 4 | पी0जी0टी0 गणित | 05 GEN -03, OBC-01, SC-01, ST-00 | 1– एम०ए० अथवा एम०एस०सी० गणित<br>अथवा<br>2– गणित में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम सहित बी०ए० (आनर्स) अथवा बी०एस०सी० (आनर्स) | प्रशिक्षित | 22000 / – |
| 5 | पी0जी0टी0 जीव विज्ञान | 05 GEN -03, OBC-01, SC-01, | 1– वनस्पति विज्ञान अथवा जन्तु विज्ञान में एम०एस0सी०<br>अथवा<br>2– कृषि विषयक वनस्पति विज्ञान के साथ | प्रशिक्षित | 22000 / – |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | ST-00 | एम०एस०सी०, बी०एस०सी० में जन्तु विज्ञान<br>अथवा<br>3– कृषि विषयक जन्तु विज्ञान के साथ एम०एस०सी०, बी०एस०सी० में वनस्पति विज्ञान<br>अथवा<br>4–यू०जी०सी० द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/डिग्री कालेज से एम० एस० सी० (लाइफ साइंस)<br>अथवा<br>5– किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज में शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित जीव विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी०एस०सी० | | |
| 6 | पी0जी0टी0 रसायन विज्ञान | 05<br>GEN -03,<br>OBC-01,<br>SC-01,<br>ST-00 | 1– रसायन विज्ञान में एम०एससी०<br>अथवा<br>2–रसायन विज्ञान में त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के साथ बी०एस०सी० (आनर्स)<br>अथवा<br>3– यू०जी०सी० द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय/डिग्री कालेज से स्नातकोत्तर (बायोकेमिस्ट्री)<br>अथवा<br>4– किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज से शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी०एस०सी० | प्रशिक्षित | 22000/– |
| 7 | पी0जी0टी0 भैतिक विज्ञान | 05<br>GEN -03,<br>OBC-01,<br>SC-01,<br>ST-00 | 1–एम०एस0सी० (भौतिक शास्त्र)<br>अथवा<br>2– किसी विश्वविद्यालय या डिग्री कालेज में शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित भौतिक विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा के साथ बी०एस०सी० | प्रशिक्षित | 22000/– |
| 8 | कम्प्यूटर विज्ञान | 05<br>GEN -03,<br>OBC-01,<br>SC-01,<br>ST-00 | 1– एमटेक (कम्प्यूटर विज्ञान)<br>अथवा<br>2– बी०ई०/बी०टेक (कम्प्यूटर विज्ञान) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से<br>अथवा<br>3– एम०सी०ए० अथवा एम०एस0सी0 (कम्प्यूटर विज्ञान) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से अथवा "बी" लेविल आफ डी०ओ०ई०ए०सी०सी० (डिपार्टमेन्ट आफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड एक्रीडियेशन आफ कम्प्यूटर कोर्स)<br>अथवा<br>4– स्नातकोत्तर डिग्री के साथ पी०जी० डिप्लोमा इन कम्प्यूटर ऐप्लीकेशन विज्ञान किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से<br>अथवा<br>5– स्नातकोत्तर डिग्री के साथ बी०एससी० (कम्प्यूटर कोर्स कम्पोनेन्ट कनसेसटिंग ऑफ एट लिस्ट 1/3 ऑफ साइंस कोर्स किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से)<br>अथवा<br>स्नातकोत्तर डिग्री के साथ ए–लेविल ऑफ डी०ओ०ई०ए०सी०सी० (डिपार्टमेन्ट आफ इलेक्ट्रानिक्स एण्ड एक्रीडियेशन आफ कम्प्यूटर कोर्स) | प्रशिक्षित | 22000/– |
| 9 | लैब असिस्टेन्ट | 15<br>GEN -07,<br>EWS-01<br>OBC-04,<br>SC-03,<br>ST-00 | हाईस्कूल विज्ञान वर्ग के साथ एवं लैबोरेटरी तकनीक में डिप्लोमा<br>अथवा<br>मान्यता प्राप्त बोर्ड से इण्टरमीडिएट–विज्ञान वर्ग के साथ | | 7147/–* |
| 10 | कार्यालय अधीक्षक/लिपिक | 05<br>GEN -03,<br>OBC-01,<br>SC-01, | 1– माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 द्वारा आयोजित इण्टरमीडिएट परीक्षा अथवा उसके समकक्ष कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण हो।<br>2– माध्यमिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 के साथ–साथ | | 12430/–* |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | ST-00 | केन्द्र अथवा किसी राज्य द्वारा स्थापित किसी संस्था/शिक्षाबोर्ड/परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल अथवा इण्टरमीडिएट परीक्षा में पृथक विषय के रूप में कम्प्यूटर साइंस विषय को लिया गया हो।<br>अथवा<br>कम्प्यूटर संचालन डोएक/NIELIT द्वारा प्रदत्त CCC प्रमाण–पत्र अथवा सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से समकक्ष स्तर का प्रमाण–पत्र।<br>अथवा<br>कम्प्यूटर साइंस में डिप्लोमा/डिग्री<br>3– कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण गति न्यूनतम 25 शब्द प्रति मिनट एवं कम्प्यूटर पर अंग्रेजी टंकण गति न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट | | |
| 11 | केयर टेकर | 05<br>GEN -03,<br>OBC-01,<br>SC-01,<br>ST-00 | परास्नातक एवं बी0एड0 | | 24200/– |
| 12 | चपरासी | 05<br>GEN -03,<br>OBC-01,<br>SC-01,<br>ST-00 | कक्षा–8 उत्तीर्ण | | 7505/–* |
| 13 | चौकीदार | 05<br>GEN -03,<br>OBC-01,<br>SC-01,<br>ST-00 | कक्षा–8 उत्तीर्ण | | 7505/–* |
| 14 | रसोइया | 15<br>GEN -07,<br>EWS-01<br>OBC-04,<br>SC-03,<br>ST-00 | कक्षा–8 उत्तीर्ण | | 6755/–* |

➢ विज्ञापन सं0–एस०एस०ए०/के०जी०बी०वि०/उच्चीकृत चयन/4319–C/2024–25 दिनांक 17.01.2025 एवं –एस०एस०ए०/के०जी०बी०वि०/उच्चीकृत चयन/4320–C/2024–25 दिनांक 17.01.2025 के द्वारा प्रकाशित विज्ञप्ति के सापेक्ष रिक्त रहे पदों का विवरण–

सारणी–2

| क्र०सं० | पदनाम | रिक्त पद | आरक्षणवार रिक्त पद का विवरण | | | | | मानदेय प्रति माह | अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | EWS | OBC | SC | ST | | |
| 1 | कार्यालय अधीक्षक/लिपिक | 3 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 12430/-* | समस्त पदों हेतु शैक्षिक अर्हता एवं वरीयमान अर्हता सारणी–1 के अनुसार रहेंगीं। |
| 2 | लैब असिस्टेन्ट | 6 | 3 | 1 | 1 | 1 | 0 | 7147/-* | |
| 3 | चौकीदार | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 7505/-* | |
| 4 | सहायक रसोईया | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 6755/-* | |
| | योग– | 11 | 5 | 3 | 1 | 2 | 0 | | |

**नोटः– सारणी–1 एवं सारणी–2 में वर्णित रिक्त पदो के अनुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।**

* निर्धारित मासिक मानदेय में नियोक्ता अंशदान सम्मिलित है।

- पूर्व से संचालित के0जी0बी0वी0 (कक्षा 6 से 8) के परिसर से दूर स्थित नये उच्चीकृत छात्रावास के संचालन हेतु–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | केयरटेकर | परास्नातक एवं बी0एड0 | • पद पूर्णकालिक होगा।<br>• विद्यालय में रात्रि निवास अनिवार्य होगा।<br>• अभ्यर्थी शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए। |
| 2 | चपरासी | कक्षा–8 उत्तीर्ण | |
| 3 | चौकीदार | कक्षा–8 उत्तीर्ण | |
| 4 | रसोइया | कक्षा–8 उत्तीर्ण | |

**नोटः– प्रधानाचार्य जिस विषय की अर्हता रखती होगी उस विषय की पृथक से शिक्षिका की नियुक्ति नहीं की जायेगी तथा सम्बन्धित विषय का शिक्षण कार्य प्रधानाचार्य द्वारा ही किया जायेगा, जिसके अन्तर्गत जो प्रधानाचार्य जिस विषय वर्ग/वर्गवार के अधीन चयनित की जायेगी उसके क्रम में सम्बन्धित विषय एवं आरक्षण का विलोपन** किया जायेगा।

(1) आयु–

- प्रधानाचार्या के लिए न्यूनतम आयु चयन वर्ष की 01 अप्रैल को न्यूनतम आयु 30 वर्ष एवं अधिकतम आयु 45 वर्ष होगी और कक्षा 9 से 12 तक में कम से कम 04 वर्ष का शिक्षण अनुभव हो।

• कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में सेवा हेतु अधिकतम आयु 60 वर्ष होगी।

(2) आरक्षण–राज्य सरकार के निर्धारित प्राविधानों के अनुसार आरक्षण देय होगा।

(3) चरित्र– किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक/चारित्रिक अधमता के अपराध के लिए दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिए अर्ह नहीं होंगे।

(4) चयन प्रक्रिया–

• शिक्षिकाओं के चयन हेतु रिक्तियों का आगणन पदवार/विषयवार/वर्गवार जनपद स्तर पर किया जायेगा। तद्नुसार आवेदन पत्र आमंत्रित किये जायेंगे। अभ्यर्थियों का चयन करने के लिए पदवार/विषयवार/वर्गवार पृथक–पृथक श्रेष्ठता सूची (मेरिट लिस्ट)बनायी जायेगी।

**•अभ्यर्थी के चयन के लिए भारांक के अंकों का निर्धारण निम्न प्रकार किया जायेगा–**

| क्र.सं. | परीक्षा/उपाधि का नाम | गुणवत्ता अंक |
|---|---|---|
| 1 | हाईस्कूल | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X10/100 |
| 2 | इण्टरमीडिएट | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X10/100 |
| 3 | स्नातक उपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X20/100 |
| 4 | परास्नातक उपाधि | परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X20/100 |
| 5 | प्रशिक्षण | सैद्धान्तिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत X30/100 |

आवश्यक निर्देश/अर्हता :–

1. समस्त पदों पर आवेदन हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होंगी।
2. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में सेवा हेतु अधिकतम आयु 60 वर्ष होगी।
3. उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कार्मिकों का चयन संविदा के आधार पर 11 माह 29 दिन के लिए किया जायेगा।
4. यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों के गुणवत्ता अंक समान हों तो ऐसे अभ्यर्थी का नाम, जो आयु में ज्येष्ठ हो, सूची में उच्चतर रखा जायेगा।
5. यदि दो या अधिक अभ्यर्थियों के गुणवत्ता अंक और आयु समान हो तो अभ्यर्थी का नाम, अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के अनुसार सूची में रखा जायेगा ।
6. रसोइया, चपरासी एवं चौकीदार के पद पर चयन साक्षात्कार के आधार पर किया जायेगा।
7. शिक्षक/शिक्षणेत्तर स्टाफ के चयन के समय प्रस्तुत प्रमाण पत्रों का सत्यापन सम्बन्धित बोर्ड/संस्था से कराया जायेगा। कार्मिकों के मूल शैक्षिक अभिलेखों को जिला परियोजना कार्यालय में सुरक्षित/संरक्षित कराया जायेगा। अभिलेखों के सत्यापनोपरान्त ही मानदेय का भुगतान किया जायेगा।
8. ऐसे समस्त आवेदक जिनके शैक्षिक अभिलेखों में प्राप्तांक/पूर्णांक के स्थान पर CGPA/SGPA अंकित है वह सभी संस्था/विश्वविद्यालय में प्रचलित पद्धति से CGPA/SGPA को प्राप्तांक/पूर्णांक में परिवर्तित करने के उपरान्त ही आवेदन पत्र में अंकित किया जाना अनिवार्य होगा एवं CGPA/SGPA से सम्बन्धित अभिलेख जो संस्था/विश्वविद्यालय द्वारा जारी किये गये हों उनको आवेदन–पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
9. कार्यरत शिक्षिकाओं का व्यवहार संतोषजनक पाये जाने पर आगामी सत्र हेतु जिलाधिकारी के अनुमोदनोपरान्त नवीन संविदा अनुबन्ध 11 माह 29 दिन के लिए किया जायेगा, तात्पर्य यह है कि प्रत्येक वर्ष एक नवीन सेवा अनुबन्ध किया जायेगा।
10. शिक्षिकाओं के कार्य एवं व्यवहार का वार्षिक मूल्यांकन सम्बंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा किया जायेगा।
11. सेवा अनुबन्ध में यह प्राविधान किया जायेगा कि यदि उसकी सेवाएं अनुपयुक्त पायी जाती हैं तो उन्हें एक माह का नोटिस देकर सेवा/संविदा को समाप्त कर दिया जायेगा। गम्भीर परिस्थितियों/वित्तीय अनियमितता/गंभीर अनुशासनहीनता की स्थिति में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत पुष्ट प्रमाणों के आधार पर जिलाधिकारी के अनुमोदनोपरान्त संविदा समाप्त करते हुये सम्बन्धित के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी जायेगी।
12. उपरोक्त रिक्तियों हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति एवं आवेदन पत्र के प्रारूप/दिशा निर्देशों को जनपद बरेली की एन0आई0सी0 वेवसाइट www.bareilly.nic.in पर देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।
13. लिफाफे के ऊपर मोटे अक्षरों में कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय में पद/विषय/ जाति वर्ग के लिए आवेदन किया जा रहा है, स्पष्ट रूप से अंकित करें।
14. अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक पदों हेतु आवेदन करने की स्थिति में प्रत्येक पद हेतु अलग–अलग आवेदन करना होगा, जिस पर आवेदित पद का नाम, विषय तथा आरक्षण वर्ग अंकित करना होगा।

15. आवेदन पत्र अभ्यर्थी द्वारा साफ–साफ भरा जाये। कटिंग एवं ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी। नाम एवं पिता का नाम तथा जन्मतिथि हाईस्कूल के प्रमाण–पत्र के अनुसार लिखी जाये अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण एवं अस्पष्ट आवेदन–पत्र निरस्त कर दिये जायेंगे एवं कदापि स्वीकार नहीं किये जायेंगे। ऐसे आवेदन–पत्र जिसमें आवेदक द्वारा केवल शैक्षिक प्रमाण–पत्रों की छाया प्रतियाँ पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा भेजी जाती हैं मूल आवेदन पत्र भरकर संलग्न नहीं किया जाता है ऐसे आवेदन निरस्त समझे जायेंगे एवं उनपर विचार नहीं किया जायेगा।

16. इच्छुक पात्र अभ्यर्थी अपने आवेदन दिनांक 08.08.2026 को सायं 05:00 बजे तक कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बरेली में केवल रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट डाक से प्रेषित कर सकते है। साधारण डाक, कोरियर से प्राप्त आवेदन पत्रों को अस्वीकार कर दिया जायेगा। आवेदन पत्र के साथ अपनी दो स्वप्रमाणित फोटो, शैक्षिक अभिलेख, अनुभव प्रमाण पत्र, सामान्य निवास प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र, राजपत्रित अधिकारियों द्वारा निर्गत 02 चरित्र प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं अन्य अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां तथा अपना नाम एवं पता लिखे हुए 02 लिफाफे स्पीड पोस्ट अथवा पंजीकृत डाक के निर्धारित शुल्क के डाक टिकट लगे हुए अवश्य संलग्न करें।

17. स्नातक, स्नातकोत्तर एवं बी0एड0 के समस्त वर्षों की अंकतालिकाएं संलग्न करना अनिवार्य होगा। अपूर्ण, अस्पष्ट, बिना संलग्नकों वाले, बिना हस्ताक्षर, प्रारूप से भिन्न, अधूरे संलग्नकों वाले आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा।

18. विज्ञप्ति को किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार जनपदीय चयन समिति के पास रक्षित होगा, जिस हेतु कोई भी वाद मान्य नहीं होगा। किसी भी प्रकार के बदलाव व सुधार हेतु पूर्ण अधिकार जनपद स्तरीय चयनसमिति के पास सुरक्षित होगा।

19. पदों की संख्या घट एवं बढ़ सकती है।

20. लिपिकीय त्रुटि क्षम्य होगी।

24/07/26

(वर्षा राठौर)
जिला समन्वयक(बा0शि0)
समग्र शिक्षा अभियान,बरेली।

(डॉ० विनीता)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
बरेली।

पृ0सं0:एस0एस0ए0/के0जी0बी0वि0/ 7100 – 7114 /2026–27 तद्दिनांक–

# जनपद बरेली में उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय (कक्षा–9 से 12) में संविदा के पदों पर चयन हेतु आवेदन का पत्र का प्रारूप

विज्ञापन सं0 ..........................................

1. जनपद का नाम ..........................................

2. आवेदित पद का नाम ..........................................

3. विषय..........................................

4. अभ्यर्थिनी का नाम (हिन्दी में) ..........................................

(अंग्रेजी के कैपिटल अक्षरों में) ..........................................

5. पिता का नाम (हिन्दी में) ..........................................

अभ्यर्थी अपना स्व प्रमाणित नवीनतम रंगीन फोटो चस्ता करें।

6. (क) जन्मतिथि (हाईस्कूल/आठवीं के प्रमाण पत्र के अनुसार) शब्दों में..........................................

7. (हाईस्कूल/आठवीं के प्रमाण पत्र के अनुसार) अंकों में..........................................

8. 01 अप्रैल 2026 को हाईस्कूल/ आठवीं के प्रमाण पत्र के आधार पर आयु .................... दिन .................... वर्ष

9. (अ) गृह जनपद का नाम पता (थाना एवं पिन कोड सहित) ..........................................

..........................................

(ब) पत्र व्यवहार का पता (थाना एवं पिन कोड सहित) ..........................................

..........................................

10. दूरभाष/मोबाइल नं0 ..........................................

11. ई–मेल यदि हो ..........................................

12. जाति वर्ग (सामान्य या सामान्य ई0डब्लू0एस0, अनु0जाति, अनु0जन जाति, अन्य पिछड़ी जाति) ..........................................

(अवश्य भरा जाये तथा अद्यतन जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)

13. आधार संख्या : ..........................................

14. अभ्यर्थिनी की शैक्षिक योग्यता/प्रशिक्षण योग्यता का विवरण–

| परीक्षा | संस्था/कालेज का नाम (जनपद सहित) | वोर्ड/विश्व विद्यालय का नाम | विषय | उत्तीर्ण वर्ष | अनुक्रमांक | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कक्षा 8 | | | | | | | | |
| हाईस्कूल | | | | | | | | |
| इण्टरमीडिएट | | | | | | | | |
| स्नातक | | | | | | | | |
| स्नातोकत्तर | | | | | | | | |
| प्रशिक्षित (बी0एड0) | | | | | | | | |
| डिप्लोमा | | | | | | | | |
| अन्य योग्यताएं– | | | | | | | | |

(समस्त अंक पत्र/ प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छाया प्रति संलग्न करें)

15. शिक्षण अनुभव (प्रमाणित/प्रमाण पत्र संलग्न करें)

| क्र0 सं0 | संस्था/विद्यालय का नाम | पदनाम | जनपद का नाम | प्रथम नियुक्ति की तिथि | अन्तिम नियुक्ति की तिथि | शिक्षण कार्य का अनुभव | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | दिन | माह | वर्ष |
| | | | | | | | | |

संलग्नकों का विवरण–

1. ..........................................................................
2. ..........................................................................
3. ..........................................................................
4. ..........................................................................
5. ..........................................................................
6. ..........................................................................
7. ..........................................................................
8. ..........................................................................
9. ..........................................................................
10. ..........................................................................

## –: घोषणा :–

मैं ........................................................ पुत्री ........................................................ शपथपूर्वक अभिकथन करती हूँ कि आवेदन पत्र में भरा गया उपरोक्त विवरण सत्य हैं एवं मेरे द्वारा किसी तरह का तथ्य गोपन नहीं किया गया है। आवेदन पत्र प्रेषित करने के पूर्व समस्त अंकित विवरण का मेरे द्वारा परीक्षण कर लिया गया है। चयन के पूर्व अथवा बाद में जाचोंपरान्त कोई भी विवरण असत्य/गलत/कूटरचित पाये जाने पर सम्बन्धित संस्थान/प्राधिकारी को मेरा सेवा अनुबंध समाप्त करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराने व भुगतानित मानदेय की वसूली करने का पूर्ण अधिकार होगा। आवेदन पत्र में अकित सूचनाओं से सम्बन्धित मूल प्रमाण पत्र/अंक पत्र आवेदन करने की तिथि के पूर्व से मेरे पास उपलब्ध हैं।

दिनांक–

हस्ताक्षर

अभ्यर्थिनी का पूरा नाम ........................................

पूर्ण पता........................................................................

मोबाइल नम्बर...............................................................